हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 जून 2026

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 कुकरु में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के विजिट...



07 ग्राम कजलास में भंडारण पर बड़ी मात्रा में अवैध रेत...



## खबर संक्षेप

### नीलम तिराहा से युवक की मोटर साइकिल चोरी

**इटारसी।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र नीलम तिराहा के पास से एक मोटर साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी रोहित 25 वर्ष, पिता जीवनलाल चौरे, निवासी ग्राम पांजरा कलॉ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी की हीरो होंडा पैशन मोटरसाइकिल एमपी 05 एमएम 5134, कीमत करीब 8,000 रुपये है, कल्लू चाय की दुकान के पास से चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मलबरी पौधरोपण के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**नर्मदापुरम।** रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने रेशम समृद्धि योजना के तहत के लिए निजी भूमि पर मलबरी पौधरोपण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन अब ई-रेशम पोर्टल पर किया जा रहा है। किसान अपनी एक एकड़ सिंचित भूमि पर शहतूत यानी मलबरी, कीट पालन का कार्य शुरू कर सकते हैं।

## मानसून की देरी नागद्वारी मेले के लिए बन रही थी रुकावट

# गरज, चमक के साथ शहर में हुई तेज बारिश, लोगों को मिली गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार शाम को जोरदार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। करीब दो घंटे हुई जोरदार बारिश ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी।

मंगलवार शाम नर्मदापुरम सहित आसपास के क्षेत्र में इंतजार के बाद एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं किसानों के लिए भी यह काफी फायदेमंद साबित हुई। शाम करीब 7 बजे अचानक मौसम में बदलाव आया। आसमान में घने बादल छा गए, तेज हवाएं चलने लगीं और फिर मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तीन बार तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली भी कड़की। तेज बारिश से निचली बस्तियां तरबतर हो गईं।

हालांकि दो घंटे तेज बारिश के बाद बारिश थम गई और लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर बारिश से किसान भी खुश नजर आए।



### नागद्वारी के लिए क्यों जरूरी है बारिश

नागद्वारी का पूरा रास्ता बेहद पथरीला, दुर्गम और पर्वतीय चट्टानों से घिरा हुआ है। अत्यधिक गर्मी और उमस के बीच, बारिश में भींगते हुए चलना श्रद्धालुओं को राहत देता है। इस दुर्गम चढ़ाई में बरसात श्रद्धालुओं के लिए किसी ईश्वरीय आशीर्वाद से कम नहीं होती। नागपंचमी पर्व के दौरान चलने वाली इस 10 दिवसीय यात्रा में सबसे ज्यादा श्रद्धालु महाराष्ट्र से आते हैं, साथ ही मध्य प्रदेश व देश के अन्य कोनों से भी लाखों लोग यहाँ पहुँचते हैं।



### मानसून की देरी से बढ़ी थी चिंता नागद्वारी यात्रा पर छाये बादल हटे

धार्मिक और प्राकृतिक स्थल पचमढ़ी में आयोजित होने वाली वार्षिक नागद्वारी यात्रा को लेकर बनी संशय और चिंता की स्थिति अब साफ हो गई है। प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं और प्रशासन दोनों ने ही राहत की सांस ली है। हाल ही में नर्मदापुरम के कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के दल ने पचमढ़ी के नागद्वारी यात्रा मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। हर साल यात्रा से पूर्व किया जाने वाला यह एक औपचारिक लेकिन बेहद महत्वपूर्ण निरीक्षण है। इसके माध्यम से प्रशासन आगामी यात्रा के सुचारू संचालन के लिए एक ठोस एक्शन प्लान तैयार करता है। पचमढ़ी का यह बेहद दुर्गम और जंगली हिस्सा, जहाँ नागद्वार मंदिर स्थित है, पूरी तरह से प्रकृति की गोद में बसा है। यहाँ श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं के लिए पानी की उपलब्धता पूरी तरह से वर्षा जल पर निर्भर करती है। इस वर्ष देश और प्रदेश में मानसून की देरी के कारण इस यात्रा के आयोजन पर चिंता के बादल मंडराने लगे थे।

# दहेज हत्या के मामले में दोषियों को 5-5 वर्ष की सजा

## सत्र न्यायालय नर्मदापुरम ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सत्र न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताडऩा के मामले में पति, सास और ससुर को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी पति पुरुषोत्तम मलैया, सास मधुबाई और ससुर नेमीदास मलैया प्रत्येक को धारा 108 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड, तथा धारा 85 बीएनएस के तहत 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में एक अन्य आरोपी देवर हेमंत मलैया को दोषमुक्त कर दिया गया।

### क्या था पूरा मामला

अभियोजन के अनुसार, थाना कोतवाली के अंतर्गत 27 नवंबर 2025 को शाम करीब 07:30 बजे मृतिका पूजा पति पुरुषोत्तम मलैया के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें मृत्यु का कारण फांसी के कारण दम घुटना पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी जितेंद्र पाठक द्वारा इसकी विस्तृत विवेचना की गई।

जांच और गवाहों के बयानों में यह बात सामने आई कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा पूजा को दहेज में कार लाने के लिए ताने दिए जाते थे। जब मृतिका कहती थी कि उसके पिता की हैसियत कार देने की नहीं है, तो उसके साथ मारपीट की जाती थी। उसे घर में खाना बनाने, सोने-उठने और खाने-पीने जैसी छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित किया जाता था। घटना से दो दिन पहले 25 नवंबर 2025 को मृतिका ने अपने भाई अमन राजोरिया को फोन कर बताया था कि सास, ससुर और देवर ने उसके साथ मारपीट की है। जब उसने यह बात अपने पति पुरुषोत्तम को बताई, तो उसने भी सहयोग करने के बजाय कहा कि जैसे माता-पिता रखेंगे, वैसे रहना पड़ेगा। इसके बाद 27 नवंबर को पूजा ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय के समक्ष कुल 15 साक्षियों (गवाहों) के कथन दर्ज कराए गए। न्यायालय ने इन गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए मृतिका के पति, सास और ससुर को दोषी पाया और उन्हें जेल भेज दिया।

# युवक की धारदार से की हत्या पुलिस ने किया मामला दर्ज

## गला रेत कर पुराने मकान के पास छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माखन नगर बीती रात ग्राम कोटगाव गांव में एक युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। युवक की लाश घर के पास एक पुराने मकान के बाजू में मिली एस आई आकाशदीप पचाया ने बताया संजय पिता सुखदेव मालवी 35 वर्ष निवासी कोटगांव की हत्या धारदार हथियार से की गई है जिसकी जांच की जा रही है।

युवक का शव पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर भेजा है। वही गांव वालों ने बताया मृतक संजय का जीजा घनश्याम 2 साल से जहां रह रहा था और उसका किसी बात पर रात को विवाद हुआ था गांव वालों ने यह भी बताया कि मृतक का जीजा बरेली से जिला बदर है।

पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित करने के लिए एफ एस एल के अधिकारी को भी बुलाया है पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी हैं।

# 'एक कैमरा शहर के नाम' अभियान का शंखनाद

## टीआई पाण्डेय का नवाचार: नागरिकों से अपील, सड़क की ओर भी लगवाएं कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए इटारसी के नवागत थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे ने एक बेहद शानदार और अनोखी पहल की शुरुआत की है। अपराधियों पर तीसरी आंख का पहरा बैठाने के लिए उन्होंने 'एक कैमरा शहर के नाम' अभियान का शंखनाद किया है। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी ने सीधे इटारसी की जनता से संवाद करते हुए एक खास अपील की है।

आमतौर पर लोग अपने घरों और दुकानों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे तो लगवाते हैं, लेकिन उनका रुख अंदर की तरफ होता है। थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे का कहना है, जैसे अपने घर और दुकान की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है, वैसे ही यह पूरा शहर भी आपका अपना है। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तैनात है, लेकिन शहर को पूरी तरह महफूज रखने के लिए हमें आप सभी शहरवासियों के सहयोग की जरूरत है।

### क्या है थाना प्रभारी की अपील?

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपनी दुकानों और मकानों में जहां कैमरे लगवा रहे हैं, वहां कम से कम एक कैमरा बाहर सड़क की ओर (रोड फेसिंग) जरूर लगाएं।

**अपराधियों में खौफ :** जब शहर के कोने-कोने में सड़कों पर कैमरों की नजर होगी, तो बदमाश कोई भी वारदात करने से पहले सौ बार सोचेंगे।

वहीं चोरी, लूट, डकैती या हत्या जैसी बड़ी वारदातों के बाद अमूमन पुलिस को फुटेज के लिए भटकना पड़ता है। बाहर लगे ये कैमरे अपराधियों को दबोचने में पुलिस के लिए गेम चेंजर साबित होंगे।

### त्वरित कार्रवाई :

सड़क की रिकॉर्डिंग मिलने से पुलिस को जांच में आसानी होगी और अपराधियों को बिना वक्त गंवाए सलाखों के पीछे भेजा जा सकेगा। थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे का यह नवाचार इटारसी को स्मार्ट और सुरक्षित सिटी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब देखना यह है कि इटारसी की जागरूक जनता इस अभियान में अपनी क्या भागीदारी निभाती है।

# राज्यसभा सांसद नारोलिया ने दिए समस्या निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए आगंतुकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने प्राप्त आवेदनों एवं जनसमस्याओं पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन प्रदान किया। वहीं इस अवसर पर राघव भजन मंडल, राघव नगर रसूलिया की सदस्य मोनिका चौहान, संगीता चौहान, मोनिका जोशी, कृष्णा पाठक एवं नीलिमा निमाड़े को भजन सामग्री भेंट की गई। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा भी की गई।

# आज किसानों की ट्रैक्टर रैली, पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी, नागरिक न हों परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में गुरुवार 25 जून को किसान और मजदूर संगठनों द्वारा एक दिवसीय विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली सुबह 11 बजे रसूलिया ओवरब्रिज से शुरू होगी और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुप्ता ग्राउंड पहुंचकर सभा में तब्दील हो जाएगी, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ट्रैक्टरों की भारी संख्या, उनकी धीमी गति और रैली की लंबाई के कारण शहर के यातायात पर असर पड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए आमजन की सुविधा के लिए नर्मदापुरम पुलिस ने विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। रैली रसूलिया ओवरब्रिज से शुरू होकर भोपाल तिराहा, ओवरब्रिज तिराहा, एनएमवी कॉलेज, मीनाक्षी चौक, जेल तिराहा, कलेक्ट्रेट गेट, कोठी बाजार, पानी की टंकी और नेहरू पार्क होते हुए गुप्ता ग्राउंड पहुंचेगी।

### आमजन के लिए यातायात व्यवस्था

यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने निम्नलिखित रूट प्लान तैयार किया है। जिसमें जब रैली भोपाल चौराहा से ओवरब्रिज तिराहे के बीच से गुजरेगी, तब पुल की क्षमता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के लिहाज से कुछ समय के लिए ट्रैफिक रोका जा सकता है। रैली खत्म होने के बाद होंडा चौक से नेहरू पार्क मार्ग पर भी कुछ समय के लिए यातायात नियंत्रित किया जाएगा। रैली के कलेक्ट्रेट से गुप्ता ग्राउंड की तरफ जाने के दौरान पुराना बाबई नाका–मीनाक्षी चौक–ओवरब्रिज मार्ग आम लोगों के लिए खुला रहेगा। इसके साथ ही ओवरब्रिज तिराहे से अंबेडकर तिराहा और टैक्सी स्टैंड मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुचारू रहेगा।

रैली के भोपाल चौराहा पहुंचने तक दूसरी लेन पर यातायात निर्विघ्न जारी रहेगा। सभी ट्रैक्टरों के गुप्ता ग्राउंड पहुंचने के बाद पूरे शहर का ट्रैफिक पहले की तरह सामान्य हो जाएगा।

# ठेकेदार के खिलाफ हुई निर्माण के नाम धोखाधड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की एक कॉलोनी में इंजीनियर और ठेकेदार द्वारा मकान निर्माण के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ितों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपी सौरभ गौर पिता मधुसूदन गौर के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

आरोपी ठेकेदार ने पीड़ितों से लेबर रेट पर मकान बनाने का ठेका लिया था। इसके एवज में उसने एडवांस के तौर पर मोटी रकम वसूल ली, लेकिन काम पूरा किए बिना ही वह अधूरा काम छोड़कर फरार हो गया। पीड़ितों का आरोप है कि ठेकेदार ने उनसे लाखों रुपये ऐंठ लिए और गृह प्रवेश के दिन तक मकान का काम पूरा नहीं किया। इसके अलावा, जो निर्माण कार्य किया गया है, वह भी बेहद घटिया गुणवत्ता का है और उसमें कई गंभीर तकनीकी खामियां छोड़ी गई हैं। इस धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों में अधिवक्ता दीपक तिवारी, दीपक राजपूत, चंद्रभान राय, हितेश चौरे और राममोहन सिंह राजपूत शामिल हैं। पीड़ितों के पास अधूरे और घटिया निर्माण को प्रमाणित करने वाले वीडियो और फोटो मौजूद हैं। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई का इंतजार है।

# शहर की स्वच्छता में कसावट लाने नपा सीएमओ ने ली स्वच्छता टीम की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा स्वच्छता शाखा की बैठक ली गई। बैठक में सीएमओ देशमुख ने सफाई टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह में नगर के समस्त बड़े नाले नालियों की सफाई हेतु विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। जहां कहीं नाले नालियों पर पक्के अतिक्रमण कर लिए गए हैं उन्हें तत्काल हटाए जाएं। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी, पर्यवेक्षक संजय लुटारे, विशाल शर्मा, प्रशांत अवस्थी, अरविंद बड़गूजर, बैजू लुटारे, आलोक दोहरे आदि उपस्थित थे।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि सीएमओ श देशमुख द्वारा सफाई कर्मचारियों की बैठक ली गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई अभियान में जो भी संसाधनों की जरूरत होगी वह तत्काल उपलब्ध करा दिए जाएंगे। कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ देशमुख द्वारा स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाएं। साथ ही समझाइश दें। इसके बाद भी कोई गंदगी करता है तो उस पर जुर्माने की कार्रवाई करें।

# भाजपा शक्ति केंद्र क्रमांक 3 की मासिक बैठक हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा संगठन की नियमित कार्ययोजना के अंतर्गत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर मासिक बैठक आयोजित की जाती है। इसी क्रम में बुधवार को मां विजयासेन नगर की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के निवास पर संपन्न हुई। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सार्वजनिक जीवन में संगठन का प्रतिनिधि होता है। कार्यकर्ताओं का आचरण, व्यवहार एवं जनसेवा की भावना ऐसी होनी चाहिए कि आमजन उनके कार्यों से प्रभावित होकर संगठन के प्रति विश्वास व्यक्त करें। बैठक का संचालन भाजपा नगर मंत्री गौरव बड़कुर ने किया एवं आभार मनोनीत पार्षद आशीष मालवीय ने व्यक्त किया।

## सेफ क्लिक -2026 अभियान का आगाज

# नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने नर्मदापुरम पुलिस करेगी जागरूक, आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस ने 24 जून से जिलेभर में 15-दिवसीय राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक - 2026 2.0 का शुभारंभ किया है। पुलिस लाइन कंट्रोल रूम से शुरू हुआ यह अभियान 8 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उन्हें डिजिटल ठगी से बचाना है। आज जिला मुख्यालय पर एसपी साईकृष्णा एस थोटा और एएसपी अभिषेक राजन ने मीडिया को इस अभियान की जानकारी दी।

नर्मदापुरम पुलिस ने वर्तमान में चल रहे 6 प्रमुख साइबर फ्रॉड के तरीकों के प्रति आगाह किया है।




**डिजिटल अरेस्ट :** सीबीआई/ईडी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डराना और पैसा ऐंठना।

**एपीके फाइल :** बिजली बिल या केवायसी अपडेट के नाम से संदिग्ध (एपीके) फाइल भेजकर फोन हैक करना। घर बैठे कमाई या यू-ट्यूब लाइक करने का लालच देकर लाखों की ठगी।

**फर्जी लोन ऐप :** 2 मिनट में लोन का लालच देकर निजी डेटा चुराना और ब्लैकमेल करना।

यूपीआई/क्यूआर कोड : पैसे लेने के लिए क्यूआर स्कैन कराकर आपके ही खाते से राशि निकालना।

**कूरियर/पार्सल :** आपके नाम से पार्सल में ड्रग्स मिलने का डर दिखाकर वसूली करना। नर्मदापुरम पुलिस के 10 'सुरक्षा कवच'

**रुको, सोचो, जांचो :** संदिग्ध कॉल/एसएमएस पर घबराएं नहीं, 10 मिनट रुककर परिजनों से चर्चा करें। पुलिस कभी वाट्सअवीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती।

**अनजान लिंक से दूरी :** संदिग्ध लिंक या एपीके फाइल पर कभी क्लिक न करें। बैंक या कोई कंपनी कभी ओटीपी नहीं मांगती। क्यूआर कोड/पेमेंट देना : पैसे लेने के लिए क्यूआर स्कैन नहीं करना होता। फेक्टरऑथेन्टिकेशन वाट्स अप और बैंकिंग ऐप्स में स्टेप वैरीफिकेशन हमेशा चालू रखें।

**स्क्रीन शेयर न करें:** एनी डेस्क या टीम वीवर डाउनलोड कराने वालों से सावधान रहें। प्रोफाइल लॉक रखें और अनजानों से दोस्ती न करें। सिर्फ ऑफिशियल वेबसाइट से ही नंबर लें, गूगल सर्च पर भरोसा न करें। ठगी होते ही 1 घंटे के अंदर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 15 दिनों का विस्तृत रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों, और सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सीएमओ ने किया समूहों द्वारा बनाई सामग्री का अवलोकन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका के डे एनयूएलएम के माध्यम से संचालित स्वसहायता समूहों की आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने स्वसहायता समूहों की महिलाओं से रोजगार को बढ़ाने, स्वरोजगार को स्थापित करने वन टू वन चर्चा की गई। बैठक में कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, डे एनयूएलएम की सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, उपयंत्री रीना गुप्ता, गौरव वर्मा, सतीष यादव सहित बड़ी संख्या में स्वसहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सीएमओ ने स्वसवहायता समूहों को टिप्स भी दिए साथ ही उन्होंने कहा कि नपा से मिलने वाले सहयोग और मार्गदर्शन का उपयोग कर अपने स्वरोजगार को बढ़ाने का प्रयास करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित अचार एवं सामग्री का अवलोकन किया।

### सात दिन में शुल्क जमा नहीं करने पर होगी वैधानिक कार्रवाई

# अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा, 71 कॉलोनाइजरों को विकास शुल्क जमा करने के नोटिस

## कबीर कॉलोनी के कॉलोनाइजर से 24 घंटे में मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



नगर पालिका परिषद मुलताई ने नगर में विकसित की गई अनाधिकृत एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पवित्र नगरी मुलताई में चिन्हित 81 अवैध कॉलोनियों में से 71 कॉलोनी स्वामियों एवं कॉलोनाइजरों को विकास शुल्क जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में सात दिवस के भीतर निर्धारित विकास शुल्क नगर पालिका कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। समय-सीमा में शुल्क जमा नहीं करने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम-2021 के तहत वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नगर पालिका के उपयंत्री महेश शर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा नगर की 81 अनाधिकृत कॉलोनियों की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

प्रथम चरण में 71 कॉलोनियों के स्वामियों को नोटिस भेजे गए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 12 फरवरी 2025 को समाचार पत्रों के माध्यम से नागरिक अधोसंरचना एवं ले-आउट संबंधी अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें संबंधित भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम-2021 के नियम 23(7) के अनुसार विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। संबंधित कॉलोनाइजरों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी भूमि के क्षेत्रफल के अनुसार निर्धारित विकास शुल्क सात दिवस के भीतर नगर पालिका कोष में जमा कराएं। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं होने पर नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनी स्वामी की होगी।

### कबीर कॉलोनी के कॉलोनाइजर को फिर जारी हुआ नोटिस

इधर नगर पालिका ने कबीर कॉलोनी के कॉलोनाइजर के खिलाफ भी कार्रवाई आगे बढ़ाई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी द्वारा बुधवार को एक और नोटिस जारी कर कॉलोनी संबंधी विस्तृत जानकारी 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 22 जून को नगर पालिका ने कॉलोनी में भूखंडों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाने संबंधी नोटिस जारी किया था। नगर पालिका को प्राप्त शिकायतों में कॉलोनीवासियों ने आरोप लगाया है कि कॉलोनाइजर द्वारा भूखंडों का विक्रय तो कर दिया गया, लेकिन कॉलोनी में बिजली, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। इसके चलते रहवासियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवीन नोटिस में कॉलोनाइजर को कॉलोनी का स्वीकृत ले-आउट, कॉलोनी में शेष रिक्त भूमि तथा उद्यान हेतु आरक्षित भूमि का क्षेत्रफलवार विवरण 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम-2021 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रहवासियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना कॉलोनाइजर की जिम्मेदारी

कबीर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के संबंध में यह पूछे जाने पर की जब नगर पालिका ने विकास शुल्क की राशि ली है तो मूलभूत सुविधा कॉलोनाइजर उपलब्ध कराएगा या नगर पालिका महेश शर्मा ने बताया कि संबंधित कॉलोनाइजर द्वारा विकास शुल्क की राशि केवल स्वयं द्वारा किए गए निर्माण कार्यों को छोड़कर जमा की थी। नियमानुसार कॉलोनाइजर को रहवासी संघ का गठन कर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के विकास एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करनी थी, जो नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कॉलोनाइजरों को अपने रहवासियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

### नपा का उद्देश्य रहवासियों को सुविधाएं दिलाना

नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य कॉलोनीवासियों को बिजली, पानी, सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अक्सर नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हैं, जिससे यह संदेश जाता है कि नगर पालिका कार्य नहीं कर रही है, जबकि नियमों के अनुसार कॉलोनियों में प्रारंभिक अधोसंरचना एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाइजरों की होती है।

#### इनका कहना है


नगर की 81 अवैध कॉलोनियों के संबंध में नगर पालिका का उद्देश्य पूरी तरह स्पष्ट है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कॉलोनीवासियों को बिजली, पानी, सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलें तथा उन्हें अपनी आवश्यकताओं के लिए भटकना न पड़े। कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना कॉलोनाइजरों की जिम्मेदारी है और इसी दिशा में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**वीरेंद्र तिवारी,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई

---

### निष्पक्ष जांच की मांग

## जनसुनवाई में गूंजा प्लॉट पर अतिक्रमण का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

बोडखी पोस्ट क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 निवासी राजेश खाकोरे ने निजी प्लॉट, आवागमन मार्ग पर कथित अतिक्रमण, धमकी एवं भूमि विवाद को लेकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, जिस भूमि पर टिन शेड निर्मित किया गया है, वह राजस्व अभिलेखों में नेहा सहगल के नाम दर्ज होना बताई गई है। शिकायतकर्ता ने नेहा सहगल को ऋषि सहगल की पत्नी बताया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित भूमि से होकर लगभग 10 फीट चौड़ा मार्ग निर्धारित है, किंतु उसी मार्ग पर टिन शेड का निर्माण किए जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नेहा सहगल के पति ऋषि सहगल द्वारा कथित रूप से उन्हें विवाद का विरोध करने पर डराया-धमकाया गया तथा प्रभाव का उपयोग कर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता ने इन आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने राजस्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी भूमि विवाद से जुड़े अनेक शिकायती आवेदन दिए गए, लेकिन विभाग मूकदर्शक बना रहा और आज तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया। न्याय की आस में वर्षों से लंबित ये प्रकरण राजस्व विभाग की लचर व्यवस्था का प्रमाण हैं। शिकायतकर्ता का स्पष्ट आरोप है कि राजनीतिक सरपरस्ती और प्रशासनिक साठगांठ के चलते जानबूझकर इस मामले में ढील दी जा रही है, जिससे अब राजस्व प्रशासन की निष्पक्षता, साख और नीयत पर बेहद गंभीर और तीखे सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आवेदन में आरोप लगाया है कि ऋषि सहगल, विजय राठौर, कुसुम डोंगरे तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से भूमि पर कब्जा करने, मार्ग अवरुद्ध करने, विरोध करने पर गाली-गलौज करने एवं डराने-धमकाने जैसी घटनाएं की गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मामले को लेकर आपत्ति दर्ज कराने पर उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया।

---

### बाउंड्रीवॉल बनाने के दिए निर्देश

## सीएमओ ने कढाई गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण



**बैतूल।** नगर पालिका द्वारा गौवंश संरक्षण और शहर को आवारा मवेशियों से मुक्त रखने की दिशा में सख्ती बढ़ा दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बुधवार 24 जून को ग्राम कढाई स्थित नगर पालिका आधिपत्य की गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौवंश के संरक्षण, सुरक्षा तथा सुविधाओं के विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने गौशाला में मवेशियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 नए टॉके (पानी की टंकियां) निर्मित कराने तथा गौशाला परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवॉल निर्माण के निर्देश संबंधित उपयंत्री को दिए। गौशाला क्षेत्र में बिजली की समस्या पाए जाने पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए बताया कि यह क्षेत्र पाढर जोन के अंतर्गत आता है। इस संबंध में संबंधित जोन प्रभारी को पत्र जारी कर क्षेत्र का शीघ्र सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिजली व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। गौवंश को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर गौशाला में पर्याप्त मात्रा में 60 ट्रॉली भूसा तथा सुदाना पशुआहार उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में गौशाला में रखे गए सभी गौवंश को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से रखा जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में सभी पशुपालकों और मवेशी मालिकों को सूचना जारी कर आगाह किया जा चुका है कि यदि कोई भी मवेशी शहर की सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर आवारा अवस्था में घूमता हुआ पाया जाता है तो संबंधित पशु स्वामी के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम एवं प्रचलित उपविधियों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा पकड़े गए प्रत्येक आवारा मवेशी के मालिक पर दो हजार रुपये प्रति मवेशी की दर से जुर्माना भी लगाया जाएगा।

---

### विधायक और कलेक्टर ने लिया जायजा

## कुकरु में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के विजिट की तैयारियां



**बैतूल/भैंसदेही।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले के हिल स्टेशन कुकरु में प्रस्तावित 2 दिवसीय दौरे 27 एवं 28 जून की तैयारियों का विधायक महेंद्र सिंह चौहान एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर वंदना जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, एसडीओ फॉरेस्ट ध्रुव श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदिरा महतो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### घायल महिला की पहचान नहीं, पुलिस शिनाख्ती में जुटी

**बैतूल।** आमला क्षेत्र में पंखा के पास तीन दिन पहले घायल अवस्था में मिली एक अज्ञात महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। महिला को सोमवार रात 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, महिला सडक किनारे घायल हालत में मिली थी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। उसने साड़ी पहन रखी है और उसके दाहिने हाथ तथा पैर में चोट के निशान हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, महिला फिलहाल स्पष्ट रूप से कुछ भी बोल नहीं पा रही है। वह केवल पानी मांग रही है और अपना नाम-पता या अन्य कोई जानकारी बताने में असमर्थ है। आशंका जताई जा रही है कि किसी दुर्घटना के कारण उसकी याददाश्त प्रभावित हुई है। महिला की पहचान सुनिश्चित न हो पाने के कारण, जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने उसके फोटो और हुलिए की जानकारी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भेजी है। इसके बावजूद, तीन दिन बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

---

### शिविरों के माध्यम से 120 करोड़ रुपये विकास शुल्क वसूलने की तैयारी

## 93 अवैध कॉलोनियों के विकास के लिए फिर सक्रिय हुई नपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर की 93 अवैध कॉलोनियों में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति देने के लिए नगर पालिका ने एक बार फिर अभियान शुरू कर दिया है। इन कॉलोनियों में निवासरत नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका जनकल्याण शिविरों के माध्यम से लगभग 120 करोड़ रुपये का विकास शुल्क एकत्र करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए संबंधित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

शहर में वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी कॉलोनियां विकसित हुईं, जिन्हें नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त नहीं थी। कॉलोनाइजरों ने बेहतर सुविधाओं और भविष्य के विकास के सपने दिखाकर लोगों को प्लॉट बेच दिए, लेकिन अधिकांश कॉलोनियों में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास नहीं हो सका। अवैध कॉलोनी होने के कारण नगर पालिका भी इन क्षेत्रों में नियमित रूप से विकास कार्य नहीं करा पाई, जिसका खामियाजा हजारों परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। करीब दो वर्ष पूर्व नगर पालिका ने अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की थी। इस दौरान 93 कॉलोनियों का सर्वे कर उन्हें सूचीबद्ध किया गया। इनके ले-आउट तथा नागरिक अधोसंरचना संबंधी दस्तावेज तैयार किए गए और अधिसूचना भी प्रकाशित की गई। हालांकि इसके बाद यह प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। परिणामस्वरूप न तो कॉलोनियों का नियमितीकरण हो पाया और न ही वहां आवश्यक विकास कार्य शुरू हो सके। अब नगर पालिका ने इस अभियान को पुनः सक्रिय कर दिया है। नगर पालिका का मैदानी अमला संबंधित कॉलोनियों में घर-घर पहुंचकर प्लॉटधारकों को नोटिस सौंप रहा है। साथ ही जनकल्याण शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विकास शुल्क जमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### 120 करोड़ रुपये विकास शुल्क का लक्ष्य

पूर्व में किए गए सर्वे और आकलन के अनुसार इन 93 कॉलोनियों से लगभग 120 करोड़ रुपये की राशि विकास शुल्क के रूप में प्राप्त की जानी है। यह शुल्क मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत निर्धारित किया गया है। नियमों के अनुसार विकास शुल्क का 50 प्रतिशत हिस्सा संबंधित प्लॉटधारकों द्वारा जमा किया जाएगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि नगर पालिका द्वारा वहन की जाएगी।

### शुरू होंगे विकास कार्य : सीएमओ नवनीत पांडे

नपा बैतूल सीएमओ नवनीत पांडे ने बताया कि विकास शुल्क की राशि प्राप्त होने के बाद इन कॉलोनियों में सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युतीकरण तथा अन्य आवश्यक विकास कार्य कराए जा सकेंगे। इससे लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रह रहे नागरिकों को राहत मिलेगी और कॉलोनियों का समुचित विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

### कई कॉलोनाइजर नहीं रहे सक्रिय

नगर पालिका के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी है कि अनेक कॉलोनियों के मूल कॉलोनाइजर अब सक्रिय नहीं हैं। कुछ शहर छोड़ चुके हैं, कुछ की मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनके परिजन किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में नगर पालिका अब सीधे प्लॉटधारकों के सहयोग से विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त करने का प्रयास कर रही है, ताकि इन कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को भी शहर की अन्य बस्तियों की तरह सड़क, पानी, बिजली

#### इनका कहना है

विकास शुल्क की राशि प्राप्त होने के बाद संबंधित कॉलोनियों में आवश्यक अधोसंरचना एवं विकास कार्य कराए जाएंगे। हमारा उद्देश्य इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और कॉलोनियों का नियमित विकास सुनिश्चित करना है।

**नवनीत पांडे,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बैतूल

---

### बैतूल के पूर्व सांसद स्व. विजय खंडेलवाल सम्मान से मनोज तिवारी हुए सम्मानित

# आज पूरा विश्व भारत को देख रहा है: दीपक वोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अग्रणी सामाजिक संस्था जन परिषद के 37वें वार्षिक समारोह का आयोजन रवीन्द्र भवन, भोपाल में किया गया। इस समारोह में भारत के पूर्व राजदूत एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों के अग्रणी ज्ञाता दीपक वोहरा, एसीएस अनुपम राजन तथा एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जन परिषद अध्यक्ष एवं मप्र. के पूर्व डीजीपी एन.के. त्रिपाठी ने संस्था की 37 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने कहा कि जन परिषद समाज, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम का वार्षिक प्रतिवेदन महेंद्र जोशी ने प्रस्तुत किया। इसमें संस्था की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों, सामाजिक अभियानों, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरण तथा सेवा परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन, अजय श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त कर किया। कार्यक्रम में जन परिषद के संरक्षक व बैतूल के वरिष्ठ समाजसेवी अरुण किलेदार, संभागीय प्रभारी मोहन अग्रवाल, जनपरिषद के प्रांतीय सचिव वरिष्ठ पत्रकार केपी अग्निहोत्री, जनपरिषद मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी, नर्मदापुरम के वरिष्ठ पत्रकार ऋषिकुमार त्रिपाठी, नव्या शर्मा, सुरेखा गायकवाड़ सहित देश भर के जन परिषद से जुड़े पदाधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों ख्याती प्राप्त व्यक्तित्व मौजूद थे।

पूरा विश्व आज आशा और विश्वास की दृष्टि से भारत की ओर देख रहा : दीपक वोहरा

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि दीपक वोहरा ने कहा कि जन परिषद की 37 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, उसके सेवा कार्यों तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित पहचान को देखते हुए यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि आने वाली पीढ़ियां जन परिषद के रचनात्मक गीतों को गुनगुनाएंगी। उन्होंने कहा कि वे इन दिनों अत्यंत व्यस्त थे और भोपाल आने की स्थिति में भी नहीं थे, लेकिन जब उन्होंने जन परिषद के इतिहास, उपलब्धियों और कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा भोपाल के अपने मित्रों से संस्था के संबंध में चर्चा की, तो सभी ने जन परिषद की प्रशंसा की कि वे स्वयं को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं सके। उन्होंने आचार्य चाणक्य के छह सूत्रों को सरल व प्रेरक ढंग से प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की ओर नहीं देख रहा है, बल्कि पूरा विश्व आशा और विश्वास की दृष्टि से भारत की ओर देख रहा है। उन्होंने लोगो से आग्रह किया कि वे इन सूत्रों को अपने घरों तक पहुंचाएँ और अपने बच्चों को भी इसके बारे में अवश्य बताएं, ताकि उनमें संस्कार, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित हो। इस मौके पर एसीएस अनुपम राजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के विकास में जनभागीदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जन परिषद ने विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का जो प्रयास किया है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है।

### प्रसिद्ध हस्तियों के नाम से हुए बुद्धिजीवी सम्मानित

समारोह में एंबेसडर ऑफ एक्सीलेंस सम्मान से पूर्व राजदूत दीपक वोहरा (नई दिल्ली) को सम्मानित किया गया। एक्सीलेंट गार्जियन ऑफ द हार्ट सम्मान से डॉ. सुब्रतो मंडल को सम्मानित किया गया। कवि प्रदीप चौबे सम्मान प्रेमचंद द्वितीय (बड़नगर) को, सांसद विजय खंडेलवाल सम्मान से मनोज तिवारी (गढ़ाकोटा) को सम्मानित किया गया। तथा ललित श्रीवास्तव सम्मान मोहन परिहार को, कुलभूषण दल्लौरी सम्मान से ललित अग्रवाल (इंदौर), राजकमल श्रीवास्तव सम्मान से डॉ. रूबी खान को सम्मानित किया गया। समारोह एलआईसी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया। मां प्रभादेवी सम्मान से उरज मिश्रा, शिल्पी अभिषेक भार्गव (गढ़ाकोटा), अतुल बनारसी, अंशुमन खरे, डॉ. प्रगति सेठ (झांसी) तथा मोहन अग्रवाल बैतूल को सम्मानित किया गया। लक्ष्मी रायकवार सम्मान कमल सिंह को, डॉ. मंगलप्रसाद अग्रवाल सम्मान भरत तिवारी (सागर) को तथा प्रकाश प्रलय सम्मान गौरीशंकर धाकड़ (बरेली) को प्रदान किया गया। पत्रकार केके अग्निहोत्री सम्मान से धर्मेंद्र सिंह (भोपाल) एवं ओमप्रकाश चौरसिया (गंजबासौदा) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेस्ट चैप्टर सम्मान आष्टा, छिंदवाड़ा, सागर एवं मुलताई चैप्टर्स को प्रदान किया गया। वहीं एक्टिव मेंबर्स ऑफ द ईयर के रूप में विनोद श्रीवास्तव, दुर्गेश रैकवार, नितिन श्रीवास्तव, संदीप गोलू तथा श्रीरामेश्वर को सम्मानित किया गया।

---

### पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी महाराष्ट्र से हुआ गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने नाबालिग छात्रा से जुड़े पॉक्सो प्रकरण में आरोपी युवक को शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना के बाद महाराष्ट्र फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे परतवाड़ा क्षेत्र से पकड़ लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामला 22 जून 2026 को सामने आया, जब पीड़ित छात्रा अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर ग्राम हिवरखेड़ी निवासी 23 वर्षीय सतीश उर्फ छोटू सिरसाम के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2)(द्व), 65(1), 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एल) और 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार छात्रा की उम्र 18 वर्ष से कम होने के कारण मामला पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी महाराष्ट्र के परतवाड़ा क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम वहां पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी सतीश उर्फ छोटू सिरसाम को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने मामले से जुड़ी जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में आयोजित होगी राम लीला

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में आगामी दिनों में होने वाली रामलीला को लेकर मंदिर के संत माधवदास महाराज से प्रयाग राज से आए रामलीला मंडल की ओर से बृजेश शर्मा सहित अन्य ने भेंट कर रामलीला के संबंध में रुपरेखा तैयार की गई। वहीं मंगलवार को मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव को एक लोटा जल समर्पित किया। संत माधवदास ने बताया कि भगवान शिव को महेश के रूप में भी पूरा जाता है, आज महेश नवमीं है और यहां पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता सहिज अन्य मौजूद थे। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान शिव केवल देवता नहीं हैं, वे संपूर्ण सृष्टि के कल्याणकारी स्वरूप हैं। भगवान शिव इतने भोले हैं कि वे अपने भक्त की सच्ची श्रद्धा देखकर तुरंत प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें सोने-चांदी के महल नहीं चाहिए, उन्हें केवल अपने भक्त का प्रेम चाहिए। एक लोटा जल, कुछ बेलपत्र और सच्चे मन से किया गया स्मरण भी महादेव को प्रसन्न कर देता है। भगवान शिव हमें सिखाते हैं कि जीवन में कितना भी बड़ा संकट क्यों न आए, धैर्य नहीं खोना चाहिए। शिव ने विष को भी अपने कंठ में धारण कर संसार को बचाया। इसका संदेश है कि जीवन की कठिनाइयों को साहस और संयम के साथ स्वीकार करना चाहिए।

### अस्पताल प्रबंधन ने ठेकेदार को भेजे निर्माण कार्य के दौरान की लापरवाही के वीडियो

# पहली बारिश में ही पानी-पानी हुए अस्पताल लैब और प्रसूति गृह कक्ष

शहर के सरकारी अस्पताल में पहली बारिश मे ही नवीन निर्मित अस्पताल लैब और प्रसूति कक्ष पानी से लबालब हो गये। निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा मनमानी तथा लापरवाही की गई, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए लागत से बनाई गई लैब पहली मानसूनी बारिश में पानी पानी हो गई है। लैब के सभी कक्षों में बहुत पानी भर गया है। वहीं प्रसूति गृह कक्ष में भी पानी भर गया। जिसके कारण मरीजो व स्वास्थ्यकर्मियों को बहुत परेशानी हुई।

#### ठेकेदार द्वारा की गई लापरवाही

अस्पताल प्रबंधन तथा लैब से जुड़े लोगों ने बताया कि लैब निर्माण दौरान बरसाती पानी के प्रवेश से रोकने की व्यवस्था नहीं की गई। ठेकेदार द्वारा की गई मनमानी तथा लापरवाही का परिणाम यह है कि मंगलवार की दोपहर 25 से 30 मिनट हुई मानसून की पहली बारिश ने घटिया निर्माण की पोल खोल दी है। तथा लैब के नवनिर्मित भवन के सभी कक्षों में बहुत अधिक मात्रा में पानी भर गया है। मामले में मीडिया ने कर्मचारियों से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि कक्षों की दीवारें गीली होने के कारण अति संवेदी लैब उपकरणों की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

#### मीडिया ने पहले भी चेताया था

बता दें कि लैब भवन निर्माण दौरान ही मीडिया ने बार-बार प्रशासन को चेताया था कि लापरवाही की जा रही है एवं गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लेकिन तब किसी ने ध्यान नहीं दिया। जनता की मांग है कि ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

#### ठेकेदारों को कहा है

लैब भवन ठेकेदार ने छत से पानी निकासी व्यवस्था नहीं दी। उसे सूचना दी है। नए अस्पताल भवन ठेकेदार को भी नए व पुराने भवन के बीच नाली बनाने को कहा है।
**डॉ. रेखा सिंह गौर, बीएमओ, सोहागपुर**

#### अस्पताल परिसर के नवीन लैब रूम के हाल बेहाल



#### हो सकते हैं ये नुकसान

- अस्पताल की लैब संवेदनशील स्थल होती है। जहां नमी के कारण सैंपल्स के परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।
- मरीज से लिये जाने वाले सभी सैंपल्स अत्यधिक नमी व पानी के कारण खराब हो सकते हैं।
- दीवारों में नमी बैठने के कारण मरीजों, परिजनों अथवा स्वास्थ्यकर्मियों को करंट लगने का खतरा बना रह सकता है।
- प्रसूति गृह में अत्यधिक नमी से दीवारों में फफूंद लगने पर नवजात शिशुओं को संक्रमण हो सकता है।
- गर्भवती महिलाओं को भी अत्यधिक नमी अथवा पानी से आने-जाने के कारण नुकसान हो सकता है।
- पानी में फिसलकर मरीज चोटिल हो सकते हैं।

## ग्राम कजलास में भंडारण पर बड़ी मात्रा में अवैध रेत जब्त

### खनिज एवं राजस्व विभाग की टीम की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

तहसील डोलरिया अंतर्गत ग्राम कजलास में अवैध रूप से रेत का भंडारण किए जाने की सूचना पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत जप्त की।

प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन एवं भंडारण करने वालों में हड़कंप की स्थिति रही।

#### संयुक्त दल ने की मौके पर जांच

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कजलास में अवैध रेत भंडारण की सूचना मिलने पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तथा जांच के दौरान अवैध रूप से संग्रहित रेत को जप्त किया गया।

अधिकारियों द्वारा रेत के स्त्रोत एवं संबंधित व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी एकत्रित की जा रही है, ताकि संबधितों पर कडी कार्यवही की जा सकें ।

#### कार्रवाई में ये अधिकारी रहे शामिल

संयुक्त कार्रवाई में खनिज अधिकारी पिंकी चौहान, नायब तहसीलदार आलोक भद्र एवं हल्का पटवारी रंजना पाल शामिल रहीं। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की।

#### अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती

प्रशासन द्वारा लगातार अवैध खनन और खनिजों के अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी भी बढ़ाई जा रही है। साथ में अवैध रेत के विरूद्ध कडी कार्यवाही जारी है।

## ग्राम मानागांव में प्रस्फुटन समिती की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 04 (बागरातवा सेक्टर) की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव ने अपने ग्राम मानागांव में विकासखंड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा ने पूर्व में किए गए कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों तथा नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर वीरेंद्र यादव (अध्यक्ष) ,हरिनारायण यादव (सचिव) ,ब्रजमोहन यादव (पूर्व भारतीय सेना), विजय यादव, रोहित, दीपक, हर्षित, जयकुमार, आकाश एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## 27 जून को हिंदू साम्राज्य दिवस पर निकाली जाएगी शोभायात्रा, आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



मुगल शासन काल में हिंदू समाज में आतंक, अत्याचार और भय का वातावरण था। ऐसे समय में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ, जिन्होंने हिंदुओं को संगठित कर हिंदू साम्राज्य की स्थापना की। जिसे भारतवर्ष में हिंदवी साम्राज्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष के आयोजन की रूपरेखा तय करने मंगलवार रात स्थानीय काली मंदिर परिसर में सकल हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तय हुआ कि नगर में काली मंदिर परिसर से 27 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इसके लिये नगर के 15 वार्डों में वार्ड प्रभारी आयोजन समिति ने तय किये हैं। सकल हिंदू समाज के इस आयोजन के लिये समिति गठित की गई है।

#### जितेन्द्र राजपूत बने प्रभारी

इस समिति में संयोजक जितेंद्र राजपूत, प्रभारी विशाल गोलानी, कोषाध्यक्ष राकेश पुरी गोस्वामी, मोहन कहार को बनाया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, मृणाल घरामी, रितेंद्र राजपूत, विशाल गोलानी, राकेश पुरी गोस्वामी, अमर सिंह, भरत तिवारी, प्रशांत सोनी, बाबू मेहरा, संजय रघुवंशी, सौरभ कसेरा, मोहित कहार, अर्जुन कुशवाहा, दिव्यांश मेहरा, मोंटी प्रजापति ,सोमेश मालवीय, मोहन कहार, शरद चौरसिया, तथा मनोजीत हलधर सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनजातीय वनग्रामों में विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने लगाई चौपाल, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जनपद पंचायत सिवनी मालवा अंतर्गत जनजातीय वनग्राम लोखरताई, सीरूपुरा, पलासी एवं कामठा का भ्रमण कर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं और मांगें सुनीं तथा उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कराया गया, जिससे ग्रामीणों में संतोष का माहौल रहा।

#### पानी, सड़क और विद्युत व्यवस्था के उठे मुद्दे

चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके। विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण खरा उतरें।

कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री मृगेन्द्र सिंह मंडलोई, श्री वरूप पटेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री राहुल जाट, श्री रघुवीर सिंह राजपूत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री श्री उमेश कोडले, उपयंत्री श्री ए.के. कोरी, पीसीओ श्री पवन रघुवंशी सहित विकासखंड के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चौपाल के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

#### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश




भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## सोहागपुर की दिव्यता वर्मा का चयन किया, लंदन के किंग्स कॉलेज से लॉ की पढ़ाई करेगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सोहागपुर की बेटी दिव्यता वर्मा ने लंदन के प्रतिष्ठित किंग्स कॉलेज में लॉ की पढ़ाई के लिए चयनित होकर नगर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। गत दिवस दिव्यता वर्मा को लंदन स्थित कालेज प्रबंधन द्वारा एडमिशन लेटर भेजा गया है।

दिव्यता के पिता अधिवक्ता नितिन वर्मा ने बताया कि दिव्यता बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। कक्षा 10 वीं में भी संट पैट्रिक्स स्कूल सोहागपुर से सर्वाधिक अंक



प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया था। कक्षा 12 वीं की परीक्षा दिव्यता ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ द आइकॉनिक स्कूल भोपाल से उत्तीर्ण की। दिव्यता की मां सुषमा वर्मा ने बताया कि बिटिया ने इसी वर्ष देश की प्रतिष्ठित लॉ प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 182 वीं तथा मध्य प्रदेश में 12 वीं रैंक प्राप्तकर परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया था। इसी क्रम में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम की विधिक शिक्षा क्षेत्र की अति प्रतिष्ठित एलएनएटी परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये। जिससे उन्होंने विश्व के प्रतिष्ठित किंग्स कॉलेज लंदन में एलएलबी की पढ़ाई के लिये अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। दिव्यता की इस उपलब्धि पर परिजनों, परिचितों, मित्रों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी हैं।

## महेश्वरी सेवा मंडल ने मनाई महेश नवमी




**माखन नगर।** महेश्वरी सेवा मंडल माखन नगर द्वारा मंगलदीप गार्डन में महेश नवमी मनाई जिसमें समाज की वरिष्ठ सदस्यों का शाल श्री फल से सम्मान किया गया। महिला मंडल की सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए सरला माहेश्वरी का महिला प्रदेश संभाग संयुक्त मंत्री बनने पर एवं राजेश टावर को जिला सभा में सह सचिव नियुक्त होने पर समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया इस अवसर पर जगदीश महेश्वरी गोपाल महेश्वरी नवल महेश्वरी राकेश महेश्वरीसंजय लड्ढा गोविंद टावरी सहित अनेक गणमान्य जन्म शामिल हुए महेश्वरी सेवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और आभार प्रकट किया।

### कार्यालय नगर परिषद माखन नगर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.

Phone & Fax no. (07574)-259687 cmomakhannagar.mpurban/@gmail.com

क्र /316/राजस्व/ न.प./ 2026 -: नामांतरण सूचना :- माखन नगर, दिनांक 23/06/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उपरोक्तानुसार व्यक्तियों के भवन/भूमि नामांतरण किया जाना है जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह इस कार्यालय में 30 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। सूचित हो।

| क्र. | तब्दीली करने वाले का नाम | जिसके हक में तब्दीली होनी है | वार्ड | स्थान | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लालसिंह/कल्लू सिंह राठौर | श्रीमति मनी बाई राठौर/सरवन सिंह उर्फ लाल सिंह | 2 | मेन रोड | फौती |
| 2 | श्रीमति गायत्री बाई/राधिकाचरण पाण्डे | श्रीमति रेखा मीना/ सतीश कुमार मीना | 2 | गायत्री कालोनी | रजिस्ट्री |
| 3 | श्रीमति गायत्री बाई / राधिकाचरण पाण्डे | श्री राजा मीना / वृंदावन मीना | 2 | गायत्री कालोनी | रजिस्ट्री |
| 4 | श्री महाराज सिंह/जीवन सिंह, ओम नम्रता/महाराज सिंह | श्रीमति शोभा बाई / महाराज सिंह राजपूत | 3 | सिलारी कालोनी | रजिस्ट्री |
| 5 | श्री ओम नम्रता, महाराज सिंह/ जीवन सिह | श्री महेन्द्र सिंह/राजेन्द्र सिंह | 3 | सिलारी कालोनी | रजिस्ट्री |
| 6 | श्रीमति रेशमा बी/गब्बर खां | श्रीमति राधा बाई/विजय सिंह अहिरवार | 5 | आवास कालोनी | रजिस्ट्री |
| 7 | श्री कन्छेदीलाल/नानाजी साहू | श्री प्रमोद, रामकुमार, श्याम पिता कन्छेदी लाल साहू, संध्या पति हरिओम साहू | 5 | नसीराबाद रोड | फौती |
| 8 | श्री दीपक कुमार/गोकल प्रसाद शर्मा | श्रीमति ममता / महेश कुमार कहार | 7 | श्यामकृष्ण विहार कालोनी | रजिस्ट्री |
| 9 | श्री कायाकल्प/जयहिन्द डेरिया | श्रीमति मालती बाई/नारायण सिंह राजपूत | 7 | जयहिन्द नगर | रजिस्ट्री |
| 10 | श्रीमति सविता/सुरेश कुमार प्रजापति | श्री रीतेश / राजेश ताम्रकार | 7 | साँई माखन परिसर | रजिस्ट्री |
| 11 | श्री यशवंत / गजराज सिंह | श्री पुरुषोत्तम/इमरतलाल चौधरी | 7 | गजराज कालोनी | रजिस्ट्री |
| 12 | श्री संतोष / रामदास यादव | श्रीमति कीर्ति/प्रदीप कुमार वर्मा | 7 | बालाजी कालोनी | रजिस्ट्री |
| 13 | श्री पवन / कृष्णकुमार गौर | श्री आशीष / सत्यनारायण सोनी | 8 | कृशांति विहार कालोनी | रजिस्ट्री |
| 14 | श्री पवन / कृष्णकुमार गौर | श्री हरिओम/धनश्याम यादव | 8 | कृशांति विहार कालोनी | रजिस्ट्री |
| 15 | श्री पवन / कृष्णकुमार गौर | श्री तोप सिंह/रमेश कुमार यादव | 8 | कृशांति विहार कालोनी | रजिस्ट्री |
| 16 | श्री पवन / कृष्णकुमार गौर | श्रीमति उषा बाई/गोपाल प्रसाद राई आगरे | 8 | कृशांति विहार कालोनी | रजिस्ट्री |
| 17 | श्रीमति माणक देवी/शांति लाल जैन | श्री सुनील कुमार/शांति लाल जैन | 8 | नर्मदापुरम् पिपरिया 'रोड | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 18 | श्री बाबूलाल/छोटे लाल यादव | श्रीमति पुष्पा बाई/बाबूलाल यादव | 9 | धोबी मोहल्ला | फौती |
| 19 | श्री रमेश, महेश, माखन, सुरेश, प्रदीप, गायत्री/शंकर लाल मीना | श्री रमेशकुमार / शंकरलाल मीना | 9 | टाकीज के पास | रजिस्ट्री |
| 20 | श्री पी.एन./बुधराम शर्मा | श्रीमति तारा बाई / परमानंद शर्मा | 9 | ठाकुर मोहल्ला | फौती |
| 21 | श्री कनछेदीलाल / नानाजी साहू | श्री प्रमोद, रामकुमार, श्याम पिता कन्छेदी लाल साहू, संध्या पति हरिओम साहू | 10 | शनीचरा मोहल्ला | फौती |
| 22 | श्री अनवर/चॉन्द खां | श्रीमति नूरजहा/हमीद बेग | 10 | टाडा मोहल्ला | रजिस्ट्री |
| 23 | श्री धीरज सिंह/दौलत सिंह | श्रीमति संध्या/धीरज सिंह राजपूत | 12 | साहू मोहल्ला | फौती |
| 24 | श्रीमति उमा/सत्यनारायण अग्रवाल | श्रीमति जेवा बी/फिरोज, शाहिन बी/मो. शाहिद, फीरोजा बी/ साजिद खान, फायजा बी/राशिद खान | 13 | मंगलवारा रोड | रजिस्ट्री |
| 25 | श्रीमति माणक देवी/शांति लाल जैन | श्री विजय कुमार / शांतिलाल जैन | 15 | मंगलवारा रोड | रजिस्टर्ड वसीयतनामा |
| 26 | श्री झून्नूलाल /फूलचंद साहू, | श्री हेमराज/झून्नूलाल साहू | 15 | अहीर मोहल्ला | फौती |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद माखन नगर**

### ग्राम खपरिया के एपी टोला में एसडीएम मौके पर पहुंचे खुलवाया बंद मार्ग

# कलेक्टर के निर्देशन में वर्षों पुराना सुलझा रास्ता विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत खपरिया के एपी टोला में वर्षों से लंबित रास्ते के विवाद का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। लंबे समय से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन की पहल से बंद मार्ग खुलने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में रास्ता बंद होने की समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री विजय राय राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ स्वयं ग्राम खपरिया के एपी टोला पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया।

एसडीएम श्री विजय राय ने स्थल पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पक्षों से चर्चा की। प्रशासनिक समन्वय, समझाइश और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से लंबे समय से बंद पड़े मार्ग को खुलवाया गया। अधिकारियों की मौजूदगी में विवाद का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया गया।

#### मार्ग खुलने से ग्रामीणों को मिली राहत

मार्ग खुलने के बाद एपी टोला के निवासियों को आवागमन की सुविधा पुनः प्राप्त हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता बंद होने के कारण दैनिक जीवन, कृषि कार्यों और अन्य आवश्यक गतिविधियों में लगातार बाधाएं आ रही थीं। ग्राम पंचायत खपरिया के सरपंच एवं ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, एसडीएम श्री विजय राय तथा प्रशासनिक अमले का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

इस दौरान नायब तहसीलदार सिवनी मालवा सुश्री पूनम सलामे, ग्राम पंचायत खपरिया के सरपंच श्री मनोज तिवारी, हल्का पटवारी श्री गौरव शर्मा, ग्राम कोटवार सहित पुलिस एवं प्रशासन का संयुक्त दल उपस्थित रहा। प्रशासन ने कहा है कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय शिविर आज से लगेगा

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला हरदा द्वारा दिव्यांगजनों को वितरित बैटरी चलित (मोटराइज्ड) ट्रायसिकल के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए दो दिवसीय रिपेयरिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 25 एवं 26 जून को कार्यालय उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, जिला अस्पताल परिसर, हरदा में आयोजित होगा। उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बताया कि वर्ष 2025 में एलिम्को द्वारा वितरित बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्राप्त करने वाले सभी दिव्यांगजन अपनी ट्रायसिकलों की मरम्मत, तकनीकी जांच एवं आवश्यक सुधार कार्य हेतु शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र की कृषकों को सलाह

**हरदा।** केंद्र के पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया ने किसानों को सलाह दी है कि फसल में प्रारंभिक अवस्था में रोग एवं कीटों से बचाव तथा उपयुक्त पौध संख्या सुनिश्चित करने के लिए बीजोपचार अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए एफ.आई.आर विधि को अपनाएं तथा फफूंदनाशक, कीटनाशक एवं जैविक कल्चर का सही क्रम में उपयोग करें।

### जिले में 26 जून तक चलाया जा रहा है नशा मुक्त भारत सप्ताह

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 26 जून तक "नशा मुक्त भारत सप्ताह" आयोजित किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में अनेक नशामुक्ति संबंधी जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह के अंतर्गत जिले के स्कूल कॉलेजों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही जन जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर इस विशेष सप्ताह का समापन होगा। इस अवसर जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली 26 जून को प्रातः 09 बजे आवासीय खेल परिसर से प्रारंभ होगी।

---

#### सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# सहायक कार्यक्रम प्रबंधक को नोटिस, लैब टेक्नीशियन का 15 दिन का वेतन कटेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हरदा शहरी क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मदन मोहन मालवीय को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर जैन ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में एक भी गर्भवती महिला का पंजीयन छूटना नहीं चाहिए। सभी संस्था प्रमुख इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उनके क्षेत्र में कोई गर्भवती महिला पंजीयन से वंचित नहीं है। गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी नहीं बनी है, उनकी सूची मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को भेजी जाए ताकि तत्काल समग्र आईडी बनाई जा सके। इससे प्रसव उपरांत सभी पात्र महिलाओं को समय पर भुगतान मिल सकेगा। सभी गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी भी कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विकासखंड अधिकारियों को अनमोल पोर्टल प्रतिदिन खोलने, एक्स-रे कार्यों में गति लाने तथा टीबी मरीजों की नियमित रिपोर्टिंग करने को कहा। वर्तमान में टीबी की शून्य रिपोर्टिंग पर उन्होंने नाराजगी जताई।

एनआरसी में अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को भर्ती करने, मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु के मामलों की गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड टिमरनी में लैब टेक्नीशियन द्वारा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ऑपरेटर को नोटिस देकर 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। आरबीएसके कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


### स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति के लिये अधिकारी बैंकर्स से नियमित फालोअप लें: कलेक्टर

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने स्वरोजगार योजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में अधिकारियों व बैंकर्स में बेहतर समन्वय दिखे। कलेक्टर श्री जैन बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित एसबीआई आरसेटी की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान स्वरोजगार योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जैन ने शासन से विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य तथा उसके विरूद्ध प्रस्तुत किये गये प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति के लिये अधिकारी बैंकर्स से नियमित रूप से फालोअप लें।

---

#### पेपर लीक मामले में कांग्रेस के तेवर तीखे

## आज से 9 अगस्त तक पूरे देश में 'गूंज अभियान' चलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में नीट (ठएएळ-वत्रृ) पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन साई, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमंत टाले और कांग्रेस प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने केंद्र सरकार के काम करने के तरीके की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पारदर्शिता (साफ-सुथरी व्यवस्था) और विश्वसनीयता सबसे जरूरी होती है, लेकिन लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों के कारण देश के लाखों छात्रों और उनके माता-पिता का भरोसा टूट रहा है। जिलाध्यक्ष मोहन साई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि दोबारा कराई गई परीक्षा में जिस तरह से वायु सेना की मदद ली गई है, उससे साफ पता चलता है कि केंद्र सरकार का शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह से फेल हो चुका है।जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने आंकड़े सामने रखते हुए बताया कि परीक्षा निरस्त (कैंसिल) होने के चलते देश में अब तक करीब 21 होनहार छात्र-छात्राओं ने डिप्रेशन (अवसाद) में आकर आत्महत्या कर ली है। जिलाध्यक्ष मोहन साई ने एलान किया कि नीट और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई (ठरवक) मिलकर 25 जून से 9 अगस्त तक पूरे देश में 'गूंज अभियान' चलाएंगे। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमंत टाले ने कहा कि आज देश का युवा जागरुक हो चुका है और वह शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार से सीधे जवाब मांग रहा है।

---

#### लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताएंगे

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस ने 'सेफ क्लिक 2.0' जन-जागरूकता अभियान शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में साइबर अपराधों से बचाव के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने 8 जुलाई तक 'सेफ क्लिक 2.0' जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत पुलिस की टीमें शहरों के साथ-साथ गांवों और मजरे-टोलों में पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताएंगी।

एसपी शशांक ने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियों के नाम पर कॉल कर लोगों को डराने का प्रयास करते हैं। ऐसे किसी भी कॉल से घबराने के बजाय उसकी जानकारी तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस अधिकारियों को दें। पुलिस ने लोगों से किसी भी अनजान व्यक्ति के दबाव में आकर पैसे ट्रांसफर नहीं करने की अपील की है। अभियान के दौरान विशेष साइबर चौपाल आयोजित की जाएंगी, जहां ग्रामीणों और आम नागरिकों को डिजिटल ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन निवेश के झांसे और अन्य साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। पुलिस की टीमें स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगी। पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम कार्ड, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं

## एसबीआई के विशेषज्ञ ने बताए ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीके, कैरियर गाइडेंस भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा


महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल गृह भवन में आज प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष वित्तीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हरदा के वित्तीय सलाहकार सुबोध कुमार जैन ने बच्चों को योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि के सही उपयोग, बचत और निवेश की जानकारी दी। श्री जैन ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा देना है। प्रशिक्षण में बच्चों को ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, साइबर ठगी से बचाव और मोबाइल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके भी बताए गए। साथ ही भविष्य के कैरियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया गया। श्री जैन ने बैंक की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी गणेश भदोरिया, सामाजिक कार्यकर्ता शुभम बामने एवं आंकड़ा विश्लेषक गजेन्द्र बरकरे मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि वित्तीय साक्षरता से बच्चे आत्मनिर्भर बनेंगे और सहायता राशि का बेहतर उपयोग कर सकेंगे।

---

#### शासकीय व निजी विद्यालयों में चरणबद्ध संचालित किया जाएगा

## तंबाकू मुक्त हरदा की दिशा में आईडीए की नई पहल प्रोजेक्ट नवचेतना अभियान शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले को तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने तथा युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) हरदा शाखा ने ह्लप्रोजेक्ट नवचेतना : राइज एवं टोबैको अभियान शुरू करने की पहल की है। इस संबंध में आईडीए के पदाधिकारियों ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से भेंट कर अभियान की विस्तृत जानकारी दी। आईडीए हरदा शाखा की अध्यक्ष डॉ. मेधा विवेक भुस्कुटे एवं मानद सचिव डॉ. विपुल बांगड़ ने कलेक्टर जैन को बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के उद्देश्यों के अनुरूप जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि आईडीए हरदा शाखा के प्रशिक्षित दंत चिकित्सकों की टीम विद्यालयों में जाकर जागरूकता व्याख्यान, संवादात्मक सत्र, तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के खतरों संबंधी जानकारी, सूचना-शिक्षा-संचार (आईईसी) सामग्री का वितरण तथा तंबाकू छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श एवं सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान करेगी।

पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान में शामिल चिकित्सकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित ह्लट्रेन द ट्रेनरह्व कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस प्रशिक्षण में तंबाकू नियंत्रण, नशामुक्ति परामर्श एवं विद्यालय आधारित जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से दूर रखने के लिए व्यापक जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईडीए हरदा शाखा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से जिले में तंबाकू मुक्त हरदा के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जाएंगे।

## गांजा तस्कर महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसके कब्जे से 481.16 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच हजार रुपये है। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। बिरजाखेड़ी के पास एक पंप इंजन के पास बने ईंट भट्टे के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में बैठी मिली। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम निर्मला कुचबंदिया (33) बताया, जो टँकी मोहल्ला निवासी शरद कुचबंदिया की पत्नी है। उसकी थैली की तलाशी लेने पर उसमें 481.16 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी महिला के खिलाफ अवैध रूप से गांजा रखने के आरोप में अपराध क्रमांक 427/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एएसआई भगवान दास यादव, प्रधान आरक्षक मनीष पठारिया, आरक्षक नवीन कुशवाह, प्रदीप मालवीय, निलेश पटेल और महिला आरक्षक वैशाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## परिवार के सदस्य घर मौजूद नहीं थे, 15 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी के सिरकम्बा में मंगलवार रात एक 15 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नाबालिग अपने पिता और चाचा के साथ बैठकर टीवी देख रहा था। इसी दौरान वह अचानक उठा और घर के दूसरे कमरे में चला गया। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा, तो परिजनों ने जाकर देखा। वहां मोक्ष ने कमरे में बाहर निकले हुए एक सरिए में फंदा डालकर अपनी जान दे दी थी। मृतक की पहचान शेरसिंह राजपूत के 15 वर्षीय बेटे मोक्ष राजपूत के रूप में हुई है। घटना के वक्त मोक्ष की मां और परिवार के अन्य सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। गांव में ही उनके एक रिश्तेदार तीर्थ यात्रा से लौटकर आए थे, जिसके चलते परिवार के लोग वहां मेवा और प्रसाद बांटने के लिए गए हुए थे। मोक्ष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी एक बहन है, जिसने हाल ही में 8वीं कक्षा पास कर 9वीं में प्रवेश लिया है। आत्महत्या के कारणों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बुधवार सुबह पुलिस ने टिमरनी के अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अब किशोर के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

---

# जताखेड़ा के पास अनियंत्रित होकर पलटा चावल से भरा ट्रक, धूं-धूं कर जल गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब जताखेड़ा के पास चावल से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ पर ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ट्रक में भरा भारी मात्रा में चावल और वाहन का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक जताखेड़ा के समीप पहुंचा, तभी अचानक चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो बैठा। रफ्तार अधिक होने के कारण ट्रक लहराया और सडक़ के बीचों-बीच पलट गया। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रक के पलटते ही उसके केबिन से चिंगारियां उठीं और कुछ ही सेकेंड में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहन चालक भी सहम गए और उन्होंने तुरंत अपने वाहन दूर रोक लिए।

### कूदकर बचाई जान, जला लाखों का माल

राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि जैसे ही ट्रक पलटा, चालक और क्लीनर ने बिना वक्त गंवाए केबिन से बाहर की तरफ छलांग लगा दी। दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन इसके कुछ ही मिनटों बाद पूरा ट्रक आग का गोला बन गया। ट्रक के अंदर और पीछे लोड किया गया लाखों रुपए का चावल आग की भेंट चढ़ गया। दूर-दूर तक काले धुएं का गुबार और आग की ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं।

### दमकल ने पाया आग पर काबू

सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने तुरंत पानी की बौछारें शुरू कीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक ट्रक और उसमें रखा माल पूरी तरह नष्ट हो चुका था। सडक़ के बीचों-बीच धू-धू कर जलते ट्रक के कारण इंदौर-भोपाल हाईवे पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं।

### लाखों के नुकसान का अनुमान पुलिस जांच में जुटी

इस हादसे में चावल और वाहन को मिलाकर लाखों रुपए की नुकसान हुआ है। नुकसान का सटीक आंकड़ा जांच के बाद ही साफ हो पाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण होना प्रतीत हो रहा है, लेकिन दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही है।

# अतिक्रमण पर सीएमओ का सख्त रवैया सड़क पर जूते चप्पल फैले देख नाराज हुए



**सीहोर।** अतिक्रमण हटाने निकली नगर पालिका की टीम के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे एक जूते-चप्पल की दुकान के बाहर सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को देखकर सख्त नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं। सीएमओ की सख्ती के बाद दुकानदार ने तुरंत अपना सामान समेटना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सीहोर नगर पालिका की टीम सुबह शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने और अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए निकली थी। इसी दौरान टीम ने देखा कि सड़क किनारे एक शेड के नीचे जूते-चप्पल फैले हुए हैं। इस अतिक्रमण के कारण सड़क पर आवागमन में बाधा हो रही थी, जिसे देखकर सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई की। वायरल हो रहे वीडियो में सीएमओ सुधीर कुमार सफेद ट्रैक सूट और कैप पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। वे दुकान के सामने खड़े होकर दुकानदार को सख्त लहजे में निर्देश देते हैं। उनके आदेश के बाद दुकानदार तुरंत ऊपर टंगे चप्पलों को हटाने और अपना सामान समेटने लगता है। इसके साथ ही सीएमओ ने अपने मातहत कर्मचारियों को भी अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया।इंटरनेट पर यह वीडियो तेजी से साझा किया जा रहा है, जिस पर स्थानीय लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ऐसी सख्ती बहुत जरूरी है।